अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 दिसंबर 2023

प्रिय साथियों,

एनएचपीसी ने बड़े गर्व के साथ, 7 नवंबर, 2023 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद और अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों और परियोजनाओं में अपना 49वां स्थापना दिवस मनाया। नए एनएचपीसी ध्वज का अनावरण इस उत्सव का एक विशेष आकर्षण था। हमने 48 वर्षों से अधिक समय से देश की सेवा करते हुए एक लंबा सफर तय किया है और वर्तमान में यह देश की अग्रणी जलविद्युत कंपनी बन गई हैं।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि एनएचपीसी ने वित्त वर्ष 23-24 के लिए अब तक का सर्वाधिक अर्धवार्षिक कर पश्चात एकल लाभ (पीएटी) 2500 करोड़ रुपए अर्जित किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी छमाही अवधि के लिए यह 2483 करोड़ रुपए था।

मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने तीस्ता VI जलविद्युत परियोजना (500 मेगावाट) में हेड रेस टनल का महत्वपूर्ण कार्य फिर से शुरू कर दिया है, जोकि अक्टूबर माह, 2023 में आई अप्रत्याशित बाढ़ के कारण रुक गया था। आपकी पेशेवर क्षमता और कड़ी मेहनत से हमें इस क्षेत्र में आई विनाशकारी और अप्रत्याशित बाढ़ के दुष्परिणाम से उबरने में सहायता मिली है।

श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जी ने दिनांक 27 नवंबर, 2023 को एनएचपीसी की 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जल विद्युत परियोजना का दौरा किया। माननीय मंत्री जी ने परियोजना के निर्माण स्थलों जैसे बांध, इंटेक संरचनाओं और डायवर्जन टनलों का निरीक्षण किया। माननीय मंत्री जी ने एनएचपीसी अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी की जिसमें उन्होंने परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरे के दौरान, माननीय केंद्रीय मंत्री जी के साथ विद्युत मंत्रालय से श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत) और श्री मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) भी थे। इस अवसर पर मेरे साथ श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी और श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी भी उपस्थित रहे।

रंगित IV जलविद्युत परियोजना (120 मेगावाट) को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, यूनिट-1 के स्टेटर को दिनांक 27 नवंबर 2023 को पिट में उतारा गया।

मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व की अनुभूति हो रही है कि एनएचपीसी को विभिन्न क्षेत्रों में कई प्रतिष्ठित प्लेटफार्मों पर सम्मान प्राप्त हुए हैं। एनएचपीसी ने दिनांक 22 नवंबर, 2023 को बेंगलुरु में ईटी एचआर वर्ल्ड एक्स अवार्ड्स के दौरान 'लार्ज स्केल एंटरप्राइज' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'इकोनॉमिक टाइम्स एचआर वर्ल्ड एक्सेप्शनल एम्प्लॉई एक्सपीरियंस अवार्ड 2023 जीता। यह पुरस्कार एनएचपीसी को उसके कार्मिक केंद्रित मानव संसाधन पहलों की विस्तृत श्रृंखला को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी ने पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा स्थापित 'पीआरएसआई नेशनल अवार्ड 2023' की वार्षिक रिपोर्ट श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार जीता है। यह अवार्ड एनएचपीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 की समग्र उच्च गुणवत्ता, लेआउट और डिज़ाइन को मान्यता प्रदान करता है।
नवंबर माह, 2023 के दौरान एनएचपीसी का राजस्व संग्रह 832.90 करोड़ रुपए रहा। नवंबर, 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 18894.4 मिलियन यूनिट रहा।

इस माह की अन्य प्रमुख विशेषताएं है:

- सियांग और अपर सियांग जिलों (अरुणाचल प्रदेश) में 3 मॉडल गांवों को विकसित करने के लिए दिनांक 14 नवंबर, 2023 को एनएचपीसी और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। मॉडल गांव स्थानीय लोगों को उचित और सुदृढ़ आजीविका प्रदान करेंगे और सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे में भी सुधार करेंगे।
- एनएचपीसी ने दिनांक 24 नवंबर, 2023 को पासीघाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री निनॉन्ग एरिंग की उपस्थिति में अपनी आउटरीच गतिविधियों के तहत अपर सियांग जिले को 2 एम्बुलेंस सौंपी । एम्बुलेंस से अपर सियांग जिले के स्थानीय लोगों को लाभ होगा।
- एनएचपीसी ने नई दिल्ली में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया। एनएचपीसी की क्षमताओं को विद्युत मंत्रालय के पैविलियन में प्रदर्शित किया गया। इस पैविलियन का उद्घाटन श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री के कर कमलों से किया गया।
- एनएचपीसी ने दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 से दिनांक 5 नवंबर 2023 तक अपने सभी कार्य स्थलों पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।
- एनएचपीसी ने भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में दिनांक 26 नवंबर 2023 को सभी कार्य स्थलों पर 'संविधान दिवस' मनाया।
- 38वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, कोयंबटूर, तमिलनाडु में मास्टर देवांश जग्गा, एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर ने कांस्य पदक (यू18 डिस्कस थ्रो) जीता।
- एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर मास्टर आर्य वंश त्यागी ने चांगवोन (दक्षिण कोरिया) में आयोजित 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में टीम स्वर्ण पदक (ट्रैप शूटिंग) जीता।

मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को क्रिसमस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

आपका,

(आर.के.विश्नोई)

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक